प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 26.02.2025 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- थाना गलशहीद पुलिस द्वारा चरस के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु, मादक पदार्थों की बिक्री/तस्करी पर रोकथाम व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 26.02.2025 को उ0नि0 रुणित तोमर, थाना गलशहीद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त कासिफ पुत्र असलम निवासी धोबी वाली गली, भूडे का चौराहा, थाना गलशहीद, जनपद मुरादाबाद को 180 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना गलशहीद पर मु0अ0सं0- 22/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0 22/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना गलशहीद मुरादाबाद।
2. मु0अ0सं0 221/24 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कटघर मुरादाबाद।
3. मु0अ0सं0 149/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना गलशहीद मुरादाबाद
4. मु0अ0सं0 249/17 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना नागफनी मुरादाबाद।
5. मु0अ0सं0 976/2016 धारा 380/411 भा0द0वि0 थाना मझोला मुरादाबाद।

2- थाना मुगलपुरा पुलिस ने 01 वारंटी को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.02.2025 को थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा वारण्टी नईम पुत्र शमीम नि0 गलशहीद के सामने बडी मस्जिद के पास थाना गलशहीद जिला मुरादाबाद हाल निवासी गुड्डू भाई का मकान कुंवर साहब वाली गली चामुण्डा गली बरबलान थाना मुगलपुरा मुरादाबाद सम्बन्धित वाद स0 1130/2019 मु0अ0स0 370/2019 धारा 379/411/412 /413/420 भादवि0 को गिरफ्तार कर सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

3-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 05 अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26.02.2025 को जनपदीय पुलिस द्वारा 05 अभियुक्त को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना कटघर-

1. समीर पुत्र सलीम नि0 करुला गली नं0 09 जाहिदनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।
2. मौ0 उमर पुत्र शाहिद हुसैन नि0 गली नं0 01 रहमतनगर नशा मुक्ति केन्द्र के सामने करूला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

थाना मैनाठेरः-

1. रवि कुमार पुत्र अमरपाल सिंह निवासी सुन्दरपुर कल्याण थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद।

थाना बिलारीः-

1. सूरज सैनी पुत्र स्व0 गणेश सैनी निवासी ग्राम ढकिया नरू थाना बिलारी जिला मुरादाबाद।
2.इन्तजार पुत्र शौकत अली निवासी शाहबाद रोड थाना बिलारी जिला मुरादाबाद।

4- चाय में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला देने के 01 आरोपी को थाना मझोला पुलिस ने किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि दिनांक 13.12.2024 को वादी निवासिनी थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादिया को चाय में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला देने के संबंध में थाना मझोला पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0- 1087/2024 धारा 123 बी0एन0एस0 बनाम रवि आदि 02 नफर पंजीकृत कराया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 26.02.2025 को उ0नि0 श्री विनय कुमार, थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिस बल के मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त रवि सैनी पुत्र यादराम सैनी निवासी मानपुर नारायण थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

5- आत्महत्या के लिए उकसाने का 01 आरोपी गिरफ्तार, थाना मझोलाः-

अवगत कराना है कि आज दिनांक 26.02.2025 को वादी श्रीरियाज पुत्र अफजल खाँ निवासी काशीराम नगर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के पुत्र को आत्महत्या के लिए उक्साने के संबंध में थाना मझोला पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0- 144/2025 धारा 108 बी0एन0एस0 बनाम रिहान आदि 04 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 26.02.2025 को उ0नि0 श्री वितेन्द्र, थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त रिहान पुत्र बब्बन निवासी काशीराम नगर, ट्रिपल स्टोरी काशीराम नगर, थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

6- **गाली गलौज कर मारपीट करने व दहेज हत्या के अभियुक्ता को थाना मझोला पुलिस ने किया गिरफ्तारः-**

अवगत कराना है दिनांक 13.02.2025 को वादी निवासी थाना मझोला, क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री को दहेज के लिये प्रताडित करने, गाली गलौज कर मारपीट करने व दहेज की मांग पूरी न करने पर वादी की पुत्री की हत्या कर देने के संबंध में थाना मझोला पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0- 109/2025 धारा 115(2),352,85,80(2) बी0एन0एस0 बनाम टीटू सैनी आदि 04 नफर पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 26.02.2025 को उ0नि0 श्री विपिन कुमार थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्ता प्रेमवती उर्फ सुनीता पत्नी स्व0 जौधा सिहं निवासी मानपुर नारायण थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।